**अपराध** | एक पक्ष द्वारा मारपीट के बाद दूसरे पक्ष ने ऑफिस में घुसकर की तोड़फोड़

# बस स्टैंड में खुलेआम गुंडागर्दी, वीडियो वायरल

**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** अब शहर में गुंडागर्दी खुलेआम देखने को मिल रही. दो पक्ष गुरुवार को आमने-सामने आ गए, जहां एक पक्ष ने शहर के बस स्टैंड में खुलेआम राकेश शर्मा नामक व्यक्ति पर लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया.

घटना के बाद दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने वाले साहिल विरमानी गैंग के लीडर के मानस भवन स्थित ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ कर दी. मामले का लाइव वीडियो गुरुवार रात करीब 11 बजे से सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियों में देखा जा सकता है कि एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है.





## पुराने विवाद के कारण हुई घटना

घटना के संबद्ध में कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जटाशंकर निवासी राकेश शर्मा व जबलपुर नाका निवासी साहिल विरमानी का पुराना विवाद चल रहा है. साहिल विरमानी ने गुरुवार शाम बस स्टैंड में राकेश शर्मा से अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी. मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया, जिन्होंने खुलेआम बदले की भावना से साहिल विरमानी के मानस भवन स्थित ऑफिस में तोड़फोड़ कर दी. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.

## पुलिस की भूमिका पर भी उठ रहे सवाल

इस घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब यह गैंगवार रुकने वाला नहीं है. इस घटना में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे है. हालांकि कोतवाली पुलिस द्वारा कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे मामले के संबंध में पूंछताछ की है रही है. इस घटना से सबक लेते हुए पुलिस को ठोस कदम उठाने की जरूरत है, जिससे शहर में शांति भंग न हो और यह घटना विकराल रूप धारण न कर ले, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़े.


## एसपी दिए ठोस कार्यवाही करने के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा भी घटना की जांच कर मामले में लिप्त आरोपियों पर ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए गए है. आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है.

**इनका कहना है**

दोनों पक्षों के आरोपियों को तलाशा जा रहा है. जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**एचआर पांडे, सीएसपी**



# नंबर वन बनने की ओर अग्रसर जबेरा : लोधी

▶ 'सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत,तेंदूखेड़ 22 अगस्त।** विधानसभा के कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सम्मानित किया.

मंत्री श्री लोधी ने कहा कि जनपद तेंदूखेड़ा अभियान में प्रथम रहा. प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया. निश्चित ही जबेरा विधानसभा प्रदेश में क्रमांक एक की विधानसभा बनने की ओर अग्रसर है. आने वाले समय में आप सभी के सहयोग से हम नंबर एक की विधानसभा बनाएंगे. भारतीय जनता पार्टी की सरकार विभिन्न विकास कार्यों को लेकर कार्य कर रही है. इस उपलब्धि के लिए मैं समस्त अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं.

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला सीईओ प्रवीण फुलपगारे,तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ रव गन्धर्व,सीईओ तेंदूखेड़ा मनीष बागरी, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, तारादेही मंडल अध्यक्ष डॉ मनोहर लोधी सहित अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही.

## एक नजर में




### भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी बैठक

**जबलपुर।** 5, 6 और 7 सितंबर को आगरा में आयोजित हो रहे भारत भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों संबंधी बैठक राष्ट्रीय मंत्री व मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कमलेश लोखंडे के विशेष उपस्थिति में मंच के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में सम्पन्न हुई। बैठक में जनसंख्या की असंतुलित वृद्धि और उसके दुष्परिणामों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी सनातनी बंधुओं को इसके प्रति जागरुक करने की महती आवश्यकता बताई गई। समान नागरिक संहिता और हिन्दू राष्ट्र निर्माण पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले से अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता हेतु सतत् प्रयास पर बल दिया गया। बैठक में महानगर अध्यक्ष बी. के. तिवारी, योगेंद्र शर्मा ,शिवम् सिंह परिहार, ज्ञानेश्वर शुक्ल, घनश्याम नारायण पांडे ,हेमंत नामदेव व श्रेयांश तिवारी सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भर्ती नियम के विरुद्ध पेंशन कार्यालय लगा रहा आपत्ति

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया है कि सेवा भर्ती नियम के विरुद्ध पेंशन कार्यालय पेंशन प्रकरणों में आपत्ति लगा रहा है, आपत्ती को गलत बताकर कर्मचारियों को माननीय न्यायालय द्वारा व्याज सहित भुगतान करवाया जा रहा है, पेंशन कार्यालय के अधिकारियों द्वारा अनावश्यक आपत्ति लगाये जाने से शासन की छवि खराब हो रही है, वहीं विभागों को माननीय न्झायालय के आदेश के पश्चात लाखों रुपए ब्याज सहित भुगतान करने पड़ रहे है, पेंशन कार्यालय कर्मचारियों के सेवा निवृत होने के पश्चात बसूली निकलता है, जबकि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से सेवा निवृत होने के पश्चात बसूली नहीं की जाना है।वाहन चालक, समयपाल, चौकीदार, माली, लिपिक की नियुक्ति के समय जो शर्ते थी उसे पेंशन कार्यालय नजर अंदाज कर रहा है, पेंशल कार्यालय द्वारा 40 से 42 वर्ष की नौकरी तक अधिक भुगतान की आपत्ति नहीं लगाई गई जबकि प्रत्येक वेतनमान के निर्धारण की जांच पेंशन कार्यालय का वरिष्ट कार्यालय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय करता है। सेवा निवृत होने वाले अनेक कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण वर्षों से पेंशन कार्यालय में निराकरण के लिए पडे हुए है।मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला शाखा अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र कुमार पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, बृजेश मिश्रा, सुशील गुप्ता, अर्जुन सोमवंशी, रजनीश पांडेय, के. जी पाठक, बीरेंद्र तिवारी, परशुराम तिवारी, एस पी बाथरे, रवि बांगड़, जी पी द्विवेदी ने पेंशन कार्यालय में पदस्थ नियम विरूध आपत्ति लगाने वाले अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

# प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति का उपयोग बंद करे

▶ मिट्टी के गणेश बनाओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत,तेंदूखेडा 22 अगस्त।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड तेंदूखेड़ा द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश घर-घर गणेश हर घर गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

प्रस्फुटन समिति,नवांकुर संस्था, नवांकुर सखी प्रेरक,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व में क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्लू तथा बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं व परामर्शदाताओं ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया. मुख्य अतिथि पं. रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि यह अभियान वास्तव में न केवल पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बल्कि जीव जंतुओं व जल चक्र के संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. इससे जलीय जीव-जंतु, अत्यंत सूक्ष्मजीव, जो वृक्षों व फसलों के लिए आवश्यक है उनकी भी सुरक्षा होती है. प्लास्टर ऑफ पेरिस तथा केमिकल से निर्मित मूर्तियों का उपयोग हमें बंद करना होगा. जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव बताया कि यह अभियान गांव-गांव व प्रत्येक घर घर तक पहुंचना चाहिए तभी इस अभियान की सार्थकता है.

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर समाजसेवी जीडी पटेल, प्राचार्य रघुराज, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, शुभम जैन, स्वयं सेवी संगठनों से केपी गुप्ता, लोकमन साहू, रामकुमार राय, प्रीतम केवट, दुर्जन सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मिट्टी के गणेश निर्माण का प्रशिक्षण स्थानीय कलाकार प्रहलाद विश्वकर्मा द्वारा दिया गया तथा आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक हरीश पांडे द्वारा किया गया.

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी बस



**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार से हटा जा रही बस शुक्रवार सुबह बांदकपुर-स्टेशन मार्ग हनुमान मंदिर के पास डिवाइडर पर चढ़ गई, बताया गया कि लगभग 100 से अधिक सवारी सवार थी, जहां सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे है.

### नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,तेंदूखेड़ा 22 अगस्त। तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में विगत सात मार्च को ग्राम जामुन खेड़ा में दो आरोपियों ने घर में घुसकर नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गए. पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने आकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी, पर आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर थे. पुलिस अधीक्षक ने दो आरोपी सरोज लोधी व एक अपचारी बालक पर 2000-2000 रुपए का ईनाम घोषित किया था. तेंदूखेड़ा पुलिस ने एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर के निर्देश पर एक टीम गठित की थी. टीम ने दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.



# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा, 3 घायल

**नवभारत,बटियागढ़ 22 अगस्त।** हटा-बटियागढ़ मार्ग पर मंडी के पास शुक्रवार को अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया. इसमें सवार तीन लोग घायल हो गए, सिविल अस्पताल हटा में घायलों का इलाज जारी है.

### पढाया गया यातायात नियमों का पाठ

**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में दलबीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा शहर के जेपीबी हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्टाफ व छात्राओं को यातायात नियमों से अवगत कराया गया.

बताया गया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को सजग करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान उपस्थित स्कूल के करीब 1100 छात्राओं व स्कूल स्टाफ को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, 18 वर्ष से पूर्व बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने, इमरजेंसी वाहनों को सदैव रास्ता देने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी नहीं बैठने, यातायात नियमों का पालन करने व कराने की समझाइश दी गई. उपस्थित स्कूली छात्राओं व स्कूल स्टॉफ को यातायात जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया.

## रक्तदान शिविरों का आयोजन 25 से

**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** जिले के विकासखण्डों में रक्तदान शिविरों का आयोजन 25 अगस्त से 28 सितम्बर तक किया जायेगा। रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, 26 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा, 04 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया, 8 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा, 15 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिण्डोरिया, 20 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटा, 25 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा, 26 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा, 28 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ में होगा।

# न्यायाधीश ने किये बड़े बाबा के दर्शन



**नवभारत,हटा 22 अगस्त।** कुण्डलपुर सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में दमोह जिला व सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने प्रात: कुंडलपुर में बड़े बाबा के दर्शन वंदन कर जिले में अपने कर्तव्य की शुरुआत की. इस अवसर पर उनके साथ न्यायाधीश उदयशंकर सिंह व न्यायाधीश मरावी भी साथ रहे.

न्यायाधीश ने बड़े बाबा मंदिर का अवलोकन भी किया. कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने न्यायाधीश का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा रिद्धि कलश आदि करने का सौभाग्य पाया. इस अवसर पर अनुराग सावन जैन मनावर,प्रकाशचंद उदित दिनेश जैन न्यू दिल्ली, महेशचंद कमल किशोर नोएडा, श्रेयांश प्रवीण प्रदीप दिल्ली, निर्यापक श्रमण प्रशांत सागर महाराज के गृहस्थ परिवार जन अजीत पवन सुधीर जैन गोटेगांव, पवनकुमार जेनिश, शैलेश, सुमित महावीर जैन, राजकुमार, आदित्य, सुरेंद्र, कमलकुमार, मनीष चौधरी, अनिल, अमन, शिवम, विजेंद्र, अमित सुमित, कन्हैयालाल, शुभम देई आदि उपस्थित रहे.

### अनिल कुमार मिश्रा का निधन

**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** अवलेश मिश्रा और विकास मिश्रा के बड़े भाई अनिल कुमार मिश्रा 63 वर्ष (रिटा. सेक्शन इंजी.) निवासी मागंज वार्ड का अचानक हृदय गति रूकने के कारण निधन हो गया है।

















**निरीक्षण** | पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही शांति समिति के सदस्यों ने उचित व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

# गणेश उत्सव व मिलादुन्नबी को लेकर प्रमुख मार्गों का लिया जायजा



**नवभारत,दमोह 22 अगस्त।** आगामी गणेश उत्सव और पै. साहब जन्म उत्सव (मिलादुन्नबी पर्व) को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में दमोह शहर का पुलिस और प्रशासन ने शांति समिति सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों का जायजा लिया गया.

निरीक्षण अस्पताल चौराहा से प्रारंभ होकर घंटाघर, बकौली चौक, टॉकीज तिराहा, पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौक, गौरी शंकर वार्ड, फुटेरा फ टक से वापस होकर पठानी मोहल्ला, हरसिद्धि माता मंदिर, गजानन टेकरी, मुर्सिद बाबा मैदान, गढ़ी मोहल्ला तक किया गया। इस दौरान उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए.

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर एसडीएम दमोह आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, यातायात दलबीर सिंह मार्को, नगर पालिका उपयंत्री सुरेंद्र कुमार, इंजीनियर विक्रम सिंह, विद्युत विभाग से एनएस राय, एड. अनुनय श्रीवास्तव, कपिल सोनी, मोंटी रैकवार, अमजद डायमंड, शहजाद खान, एड.मंटू खान, रज्जाक सेठ, राजा ठेकेदार सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

## सड़क पर मूर्ति स्थापित नहीं करें



सिटी कोतवाली दमोह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में श्री गणेश उत्सव समितियो की शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इसमें एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी एचआर पांडे और टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने सभी समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से गणेश उत्सव पर्व मनाएं. साथ में प्रयास करें कि सड़क पर मूर्ति स्थापित न करें, जिससे आवागमन में परेशानी नहीं हो और मूर्ति के पंडाल में समिति स्वयं देखरेख करते रहे. इसके अलावा अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.